## खबर संक्षेप

### बाइक सवार घायल

**कटनी।** पीर बाबा बाईपास ओवरब्रिज पर गत देर रात एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर नीचे जा गिर गया जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है घायल की पहचान और कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### प्रशासन ने की कार्रवाई, वेयरहाउस किया सील

**कटनी।** तहसील बहोरीबंद के ग्राम पहाड़ी खेड़ा में प्रशासन ने भू-राजस्व नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक वेयरहाउस को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, रुक्मणी राजपूत पति मुकेश राजपूत द्वारा संचालित वेयरहाउस पर निर्धारित डायवर्सन वसूली राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया था। तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा कई बार नोटिस और चेतावनी दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर गुरुवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वेयरहाउस को सील कर दिया है।

## आस्था की अग्नि पर भारी पड़ी कुदरतः बारिश ने बिगाड़ा चित्रकूट गौरव दिवस का उल्लास

**सतना।** धर्मनगरी चित्रकूट के लिए 27 मार्च का दिन किसी उत्सव से कम नहीं था। रामनवमी के पावन अवसर पर चित्रकूट का 'गौरव दिवस' मनाया जाना था,जिसके लिए पूरे नगर को एक दुल्हन की तरह सजाया गया था। लेकिन शाम ढलते ही मौसम के बदले मिजाज और अचानक हुई तेज बारिश ने प्रशासन की तैयारियों और श्रद्धालुओं के उत्साह पर पानी फेर दिया।



### 21 लाख दीपों से सजना था रामघाट

तैयारियां अपने अंतिम दौर में थीं। लक्ष्य था मां मंदाकिनी के तटों को 21 लाख से अधिक दीपों की रोशनी से सराबोर करना। पवित्र भरत घाट पर भव्य गंगा आरती और श्री राम प्राकट्य पर्व की गूँज सुनाई देने वाली थी। चित्रकूट की सड़कों को चकाचक साफ कर बिजली सजाया गया था। प्रमुख मंदिरों में की गई आकर्षक सजावट भक्तों का मन मोह रही थी। घाटों की सीढ़ियों पर कतारबद्ध तरीके से दीये सजा दिए गए थे और उनमें तेल भी डाल दिया गया था।

### दौरा निरस्त और मौसम का बदला रुख

जैसे-जैसे शाम नजदीक आई,दो बड़ी बाधाएं सामने खड़ी हो गईं। पहले आधिकारिक सूचना मिली कि मुख्यमंत्री का चित्रकूट दौरा अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।इस खबर से प्रशासनिक हलकों में मायूसी छाई ही थी कि अचानक आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया। देखते ही देखते ठंडी हवाएं चलने लगीं और पहले बूंदाबांदी,फिर बारिश शुरू हो गई।

### पानी में बहा 'तेल' और श्रद्धालुओं की मेहनत

यह बारिश उत्सव के लिए काल बन गई।सड़कों के किनारे और घाटों पर सजाए गए लाखों दीयों में डाला गया तेल पानी के साथ मिलकर बर्बाद हो गया। तेल और पानी के मिश्रण की वजह से दीयों की बाती को जलाना नामुमकिन सा हो गया। श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों ने हार नहीं मानी। तेज बारिश के बीच भी लोग दीयों को बचाने की कोशिश करते दिखे,लेकिन कुदरत के आगे सब बेबस थे। जो गिने-चुने दीये जल पाए,उनके लिए प्रशासन और स्थानीय लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

### अधूरा रहा विश्व रिकॉर्ड का सपना

जिस चित्रकूट को दीपावली जैसा स्वरूप देने की तैयारी थी,वहां बारिश के बाद अंधेरा और कीचड़ पसर गया। हालांकि,राम भक्तों का कहना है कि यह प्रभु की लीला है,लेकिन महीनों की मेहनत और लाखों रुपयों का तेल पानी में बह जाने से हर कोई आहत दिखा। गौरव दिवस की वह भव्यता,जिसकी कल्पना की गई थी,बारिश की बूंदों में कहीं खो गई।

## ट्रैक्टर में लोड 4 ड्रमों में भरकर ले जा रहे थे डीजल, वीडियो वायरल, रात को पहुँचा प्रशासन, बिक्री पर लगाई रोक



**मैहर।** जिले में डीजल की कथित कालाबाजारी और अवैध परिवहन का एक वीडियो वायरल होने के बाद हड़कम्प मच गया है। वीडियो में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए चार बड़े ड्रमों में भरकर भारी मात्रा में डीजल ले जाते हुए देखा गया। मामला सामने आते ही गुरुवार की देर रात एसडीएम आरती सिंह ने न केवल जांच शुरू की,बल्कि संबंधित पेट्रोल पंप के स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर उसकी बिक्री भी बंद करा दी है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा था कि ट्रॉली में लोड ड्रमों के जरिए डीजल का अवैध परिवहन किया जा रहा है। गंभीरता को देखते हुए एसडीएम आरती सिंह,तहसीलदार आरडी साकेत और एसडीओपी ख्याति मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचीं। शुरुआती जांच में पता चला कि यह डीजल अमरपाटन के ककरा स्थित महादेव पेट्रोल पंप से भरा गया था।जब प्रशासनिक टीम ने महादेव पेट्रोल पंप पर छापेमारी की,तो वहां रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ी पाई गई। पंप के स्टॉक रजिस्टर,वास्तविक बिक्री और टैंक में मौजूद ईंधन का मिलान नहीं हो रहा था। प्रशासन को अंदेशा है कि स्टॉक में हेर फेर कर डीजल को कमर्शियल उपयोग के लिए अवैध रूप से बाहर भेजा जा रहा था।

### बिक्री पर अस्थायी रोक

मामले की गंभीरता और शुरुआती सबूतों के आधार पर एसडीएम आरती सिंह ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने जांच पूरी होने तक महादेव पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर अगले आदेश तक अस्थायी रोक लगा दी है। एसडीएम आरती सिंह ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें ड्रमों में भरकर डीजल ले जाया जा रहा था। जांच में महादेव पेट्रोल पंप की संलिप्तता सामने आई है। फिलहाल हम स्टॉक वेरीफाई कर रहे हैं कि कितना ईंधन आया,कितना बिका और अभी कितना शेष है। जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा,उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बेटी को बचाते-बचाते मां की दर्दनाक मौत, चुलाहनी में डूबने से गई जान

**सतना।** जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर चौकी के चुलाहनी इलाके में आज एक दर्दनाक हादसा सामने आया,जहां अपनी बच्ची की जान बचाने के प्रयास में एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुलाहनी में रेखा बेलदार नामक महिला कपड़े धो रही थी,जबकि उसके 17 वर्षी बेटी छोटी बेलदार पास में नहा रही थी। इसी दौरान बेटी अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगे। बच्चों को संकट में देख महिला ने बिना देर किए उन्हें बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। महिला ने साहस दिखाते हुए अपने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया,लेकिन इस दौरान वह खुद गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन काफी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे बाद उसे पानी से बाहर निकाला जा सका। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी और महिला की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही रघुराज नगर तहसीलदार और बाबूपुर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सतना जिला अस्पताल की मर्चुरी भिजवा दिया है।





पुलिस मामले की सग्रीम कारवाही कर रही है।

## रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भव्य शोभायात्रा में दिखी भक्ति और संस्कृति की झलक

**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में एक विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### धार्मिक अनुष्ठान और यात्रा का मार्ग

कार्यक्रम की शुरुआत 27 मार्च को दोपहर सुभाष पार्क स्थित राम दरबार मंदिर में हुई। यहाँ भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया,जिसके बाद विशेष महाआरती और आध्यात्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार से हुआ। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। अग्रसेन चौक और जयस्तंभ बिहारी चौक,चौक बाजार और अहिंसा चौक (पन्नी लाल चौक) अस्पताल चौक,पुराना नगर निगम और पावर हाउस हनुमान चौक और गांधी चौक अंत में शोभायात्रा पुनः श्रीराम दरबार मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई।

### आकर्षण का केंद्र

इस वर्ष की शोभायात्रा अपनी भव्यता और विविधता के कारण विशेष चर्चा में रही। जीवंत झाँकियाँ भगवान श्री राम और माता कालिका की मनमोहक जीवंत झाँकियाँ। सांस्कृतिक प्रस्तुति पारंपरिक वनवासी लोकनृत्य और अखाड़ों का हैरतअंगेज प्रदर्शन। सहभागिता विभिन्न मठ-मंदिरों के संत-महात्मा और गुरुद्वारों की सक्रिय भागीदारी। मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण किए बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति। स्वच्छता संदेश सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष 'स्वच्छता वाहिनी'आदि रहीं। शोभायात्रा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। स्वच्छता वाहिनी के माध्यम से धर्म के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश दिया गया।







### अजय कुमार सोनी के नेतृत्व में शोभायात्रा का भव्य स्वागत

शहर में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का समाजसेवी अजय कुमार सोनी के नेतृत्व में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में आस्था,उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा के स्वागत के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई,और भगवान श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा, और लोगों ने बढ़-चढ़कर इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया।

## तस्कर ने किया नाले में अवैध निर्माण, चला बुलडोजर,

## एक बार फिर जस्सा परिवार के रसूख पर हमला

**सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर कुख्यात गांजा,शराब एवं मेडिकल नशा तस्कर अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा के परिवार के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर प्रशासन को चुनौती देने के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई कर करोड़ों की सरकारी जमीन मुक्त कराई गई है।दरअसल तस्कर जस्सा के छोटे भाई की बहु माधुरी जायसवाल ग्राम पंचायत पिथौराबाद की सरपंच है इसके रसूख के चलते प्रदीप जायसवाल उर्फ कल्लू द्वारा नागौद उचेहरा मुख्य मार्ग पर बिजली विभाग के सबस्टेशन के बगल में सरकारी नाले को मिट्टी से पाट कर बिल्डिंग बनाई जा रही थी जहां 1 अप्रैल से शराब दुकान खोलने करीब 60 प्रतिशत काम तेजी से किया जा चुका था इसके पूर्व ही प्रशाशन ने सख्ती दिखाते इस अवैध निर्माण को बुलडोजर से पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान उचेहरा एसडीएम सुमेश द्विवेदी,तहसीलदार ज्योति पटेल,राजस्व निरीक्षक प्रमोद पटेल,पटवारी चुन्नीलाल प्रजापति सहित राजस्व टीम और पोड़ी चौकी और नागौद थाना से पुलिस बल भी मौजूद रहा।



### बार-बार जस्सा परिवार दे रहा प्रशाशन को चुनौती

जानकारी अनुसार जस्सा परिवार द्वारा शासकीय भूमि में बड़े पैमाने में अतिक्रमण के बाद 2020 में जस्सा के बड़े साम्राज्य का हिस्सा रहीं बिल्डिंगों को ध्वस्त किया था उस दौरान अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा का भाई प्रदीप पोड़ी पंचायत का सरपंच था और ड्रमों में पॉवर प्रूफ एल्कोहल पकड़े जाने और जस्सा से 2 करोड़ 12 लाख रुपये की नगदी,चार लग्जरी वाहन,पिस्तौल,रिवाल्वर और साढ़े 9 लाख रुपये के मूल्य का गांजा भी बरामद होने के बाद की गई थी कार्यवाही। इस दौरान कई बार प्रशासन को चुनौती देकर बार बार निर्माण किया जाता रहा है कृषि विभाग और वन विभाग की भूमि में अवैध निर्माण की जानकारी सामने आई है जहां एक निजी एटीएम भी खोला गया है। हालांकि जिला प्रशासन ने साफ किया है कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यवाही उचेहरा एसडीएम सुमेश द्विवेदी,तहसीलदार ज्योति पटेल,थाना प्रभारी नागौद अशोक पाण्डेय,चौकी प्रभारी पोड़ी आरपी वर्मा स्टाफ समेत शामिल रहे।

## आपूर्ति को लेकर मची अफरा-तफरी के बीच अब कालाबाजारी का खेल

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच काला बाजारी शुरू, 200 रुपये लीटर तक बिका तेल

**प्रशासन की सख्तीः एसडीएम ने पेट्रोल पंपों का किया औचक निरीक्षण, बोतलों में तेल देने पर लगाई रोक**

**सतना।** पिछले कुछ समय से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को लेकर मची अफरा-तफरी के बीच अब कालाबाजारी का खेल भी शुरू हो गया है। एक ओर जहाँ पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगी हैं और स्टॉक खत्म होने के बोर्ड लटके हैं,वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में मनमाने दामों पर ईंधन बेचा जा रहा है।

### एसडीएम ने संभाली कमान,पंपों पर दी दबिश

क्षेत्र में ईंधन की किल्लत और अव्यवस्था की शिकायतों को देखते हुए अमरपाटन एसडीएम डॉ.आरती सिंह ने राजस्व अमले के साथ पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने रामनगर रोड स्थित कन्हैया लाल पेट्रोल पंप और नादन टोला स्थित पंप पर पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर की जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कड़े निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में बोतलों या खुले बर्तनों में पेट्रोल न दिया जाए,ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा इसकी जमाखोरी रोकी जा सके। इस कार्यवाही के दौरान तहसीलदार आर.डी.साकेत सहित पटवारी व अन्य राजस्व अमला मौजूद रहा।



### सेमरिया चौराहे पर हाहाकार,जनता परेशान

वहीं दूसरी ओर,हरियाणा पेट्रोल पंप (सेमरिया चौराहा) पर सुबह 11 बजे से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा रही। घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी लोगों को तेल नसीब नहीं हुआ। पंप कर्मचारियों का कहना था कि स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो चुका है,जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### पालदेव में लूटः 200 रुपये प्रति लीटर पहुंचा दाम

ईंधन संकट का सबसे भयावह रूप चित्रकूट क्षेत्र के पालदेव में देखने को मिला। यहाँ जमाखोरों ने मजबूरी का फायदा उठाते हुए पेट्रोल की कीमत 200 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में पेट्रोल की यह बढ़ी हुई कीमत सुनकर लोगों के होश उड़ गए।

### ब्लैक में मिल रहा तेलः

पालदेव और आसपास के इलाकों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत का फायदा उठाकर बिचौलिए दोगुने से ज्यादा दाम वसूल रहे हैं। प्रशासन की आंखों के सामने हो रही इस खुली लूट से आम आदमी बेहाल है।

## मैहर में रेस्टोरेंट पर कस्टमर के फ्राइड राइस में कीड़ा मिलने से मचा हंगामा, रेस्टोरेंट स्टाफ ने मांगी माफी

**मैहर।** स्टेशन रोड स्थित बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट में उस समय हंगामा खड़ा हो गया,जब एक ग्राहक के खाने में कीड़ा निकलने की शिकायत सामने आई है। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मैहर निवासी शैलेश तिवारी अपने तीन मित्रों के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे थे। यहां उन्होंने फ्राइड राइस का ऑर्डर दिया,लेकिन खाना खाते समय उसमें कीड़ा निकल आया। यह देखते ही ग्राहक भड़क उठे और उन्होंने तुरंत रेस्टोरेंट स्टाफ को इसकी जानकारी दी। मामले को लेकर कुछ देर तक रेस्टोरेंट में हंगामे की स्थिति बनी रही। ग्राहकों ने खाने की गुणवत्ता और साफ-सफाई को लेकर नाराजगी जताई। हालांकि स्थिति बिगड़ती देख रेस्टोरेंट स्टाफ ने गलती स्वीकार करते हुए ग्राहकों से माफी मांगी है। स्टाफ द्वारा माफी मांगने के बाद मामला शांत हो गया,लेकिन इस घटना ने रेस्टोरेंट की स्वच्छता और खाद्य गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि कस्टमर ने इसकी शिकायत खाद्य विभाग को नही की है।



## मेडिकल बोर्ड में लापरवाही, घंटों इंतजार करते रहे दिव्यांग मरीज, सीएमएचओ ने कहा वाहन व्यवस्था के चलते हुई देरी

**मैहर।** सिविल अस्पताल मैहर में आयोजित मेडिकल बोर्ड के दौरान व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। कागजों में डॉक्टरों की ड्यूटी और समय तय होने के बावजूद गुरुवार को मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा है। जिसका वीडियो सामने आया है।सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले मेडिकल बोर्ड में दोपहर 1 बजे तक एक भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा,जिससे दूर-दराज से आए दिव्यांग मरीज परेशान होते रहे। आदेश के अनुसार सतना जिला अस्पताल से विशेषज्ञ डॉक्टरों-डॉ. वी.के.गौतम,डॉ.अतीक खान और डॉ.सरस्वती द्विवेदी के साथ मैहर सिविल अस्पताल के डॉ.सुदीप अवधिया,डॉ.राहुल द्विवेदी और डॉ. प्रीति तिवारी की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके बावजूद समय पर कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं रहा।



### सुबह से लाइन में लगे रहे मरीज

दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए आए मरीज सुबह से लाइन में लगे रहे,लेकिन उन्हें केवल निराशा ही हाथ लगी। कई मरीजों ने शारीरिक और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद लंबा सफर तय किया था। मामले पर सीएमएचओ डॉ.मनोज शुक्ला ने सफाई देते हुए कहा कि चिकित्सकों को लाने वाली वाहन व्यवस्था में देरी हुई,जिसके कारण डॉक्टर समय पर नहीं पहुंच सके।हालांकि उन्होंने दावा किया कि सभी मरीजों को बाद में अटेंड कर लिया गया। घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी छीन ले गई गेहूं की खड़ी फसल, पकी फसलों को बचाने किसानों की चिंता बढ़ी

**सतना।** जिले की नागौद तहसील अंतर्गत अतरोरा कला और करहिया कला गांवों में शुक्रवार को अचानक लगी आग से खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग लगने की घटना से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। खेत पर स्थित ट्रांसफार्मर से चिंगारी उठी और खेत में फैल गई। जैसे ही आग की सूचना गांव में फैली ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बोरी,झाड़-झंखाड़ तथा अन्य स्थानीय साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नागौद से फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी की घटना में कई एकड़ में फैली गेहूं की पकी फसल जलकर खाक हो गई। किसान राजाभैया पटेल के खेत में सबसे अधिक नुकसान हुआ,जहां लगभग 100 क्विंटल गेहूं पूरी तरह नष्ट हो गया। अन्य किसानों की फसल भी इस आग की चपेट में आई है,जिससे क्षेत्र में भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल राजस्व विभाग की टीम प्रभावित किसानों का सर्वे कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।





## खबर संक्षेप

### सूर्यांश सिंह का तहसील में पहला स्थान, कैलाश लोध का तहसील में आठवां स्थान

**प्रतिभाशाली छात्र सूर्यांश सिंह ने रचा कीर्तिमान, कक्षा आठवीं में 93.1: अंक प्राप्त कर स्कूल में किया प्रथम स्थान हासिल**



**अजयगढ़।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द हाई स्कूल चम्पतपुर के छात्र सूर्यांश सिंह ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.1: अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सूर्यांश सिंह, पूर्व सरपंच श्री रामधाम सिंह के भतीजे एवं श्री मलखान सिंह के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता को लेकर विद्यालय के संचालक श्री दादू राम आचार्य जी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूर्यांश शुरू से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा जिसमें सूर्यांश सिंह लोधी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया 93.01: के साथ तथा दूसरा स्थान कैलाश लोधने 91. 2: के साथ प्राप्त किया एवं कक्षा तीसरा स्थान सीता यादव ने 89: अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सूर्यांश सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों का कहना है कि सूर्यांश अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं और उनकी यह सफलता आने वाले समय में और भी बड़े मुकाम हासिल करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। परिजनों ने भी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि सूर्यांश ने नियमित अध्ययन और समर्पण के बल पर यह सफलता अर्जित की है। क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है।

### पारिवारिक कलह के बाद युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या, अस्पताल में मौत



**अमानगंज।** ग्राम गौरा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक दुर्गा चौधरी के पिता घसोटी चौधरी ने थाने में सूचना दी है कि उनके पुत्र की तबीयत अचानक बिगड़ने और उल्टियाँ होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, मृतक की पत्नी कुछ समय बाद मायके से वापस लौटी थी, जिसके बाद यह घटना घटी। पिता ने पुलिस को बताया कि उन्हें इस कदम के पीछे के कारणों की जानकारी नहीं है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही मर्ग कायम कर लिया है और घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जाँच शुरू कर दी है।

### कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंप पर की जांच



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर पन्ना एसडीएम संजय कुमार नागवंशी द्वारा शहर के पेट्रोल पंपों पर जाकर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान स्टॉक एवं पेट्रोल डीजल के सुचारू वितरण की जानकारी ली गई। साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी तरह के अफवाह एवं भ्रम से बचने की सलाह दी गई। इस दौरान लोगों को आश्वस्त किया गया कि नियमित रूप से ऑयल कंपनियां सप्लाई कर रही हैं। अपनी जरूरत के अनुसार ही वाहनों में डीजल पेट्रोल डलवाएं, जिससे मांग और आपूर्ति में संतुलन बना रहेगा।

## कोनी गांव में आदिवासी के घर लगी भीषण आग, ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोनी में बीती रात एक रिहायशी मकान में भीषण आग लग गई। घटना ग्याशी आदिवासी (32 वर्ष) पिता पूरण आदिवासी के घर की है। आगजनी की इस घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, अचानक घर से आग की लपटें उठती देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और साथ ही अमानगंज पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही 112 चालक हरीलाल, आरक्षक इंद्रपाल पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, वरना लपटें आसपास के अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले सकती थीं। हालांकि, इस घटना में पीड़ित परिवार का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## ग्राम देवगांव में जंगल चौकी में कन्या भोज का हुआ आयोजन

**अजयगढ़।** तहसील के प्रमुख धार्मिक स्थल देव पर्वत के नीचे बनी जंगल चौकी में नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें गांव की कन्याओं को धार्मिक विधि विधान से पूजन करके भोजन प्रसाद करवाया गया चौकी प्रभारी एवं डिप्टी रेंजर महीप कुमार रावत एवं उनके स्टाफ द्वारा करवाई गई इस धार्मिक आयोजन में आसपास के प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं जंगल विभाग के पूर्व कर्मचारी भी मौजूद रहे और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक ने इस अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल देव पर्वत की महिमा के बारे में अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ द्वारा प्रकाशित फोल्डर सभी को वितरित किया बताते चले कि देव पर्वत प्राचीन समय का एक प्रसिद्ध सिद्ध धार्मिक स्थल है वर्तमान में जो चित्रकूट के कमतगिरी पर्वत का महत्व है वह प्राचीन समय में देव पर्वत का रहा है भक्तगढ़ पर्वत की परिक्रमा करते थे और कुंड में स्नान करके पर्वत की पूजा अर्चना करते थे वर्तमान में हजारों साल से पर्वत के कटाव होने से वर्तमान में परिक्रमपथ नष्ट हो गया है जिससे भक्तगण पर्वत के बीच के स्थान में बने गंगा जमुना कुंड में स्नान करके जल अर्पित करते हैं पूजन अर्चना करते अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ द्वारा कई बार पर्वत के विकास के संबंध में शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ के संयोजक श्री राम पाठक में क्षेत्रीय विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह और जिला प्रशासन पन्ना से मांग की है कि देव पर्वत के समुचित विकास के लिए कार्य कराए जाएं और पर्वत की ऊपरी शिखर पर बने सीता रसोई नाम के प्राचीन कलात्मक मंदिर के संरक्षण के भी उपाय किए जाएं।

## बहन की गुमशुदगी को लेकर महिला के साथ मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अमानगंज।** ग्राम टाई की रहने वाली 45 वर्षीय लल्ला बाई चौधरी के साथ उनके पड़ोसी लवकुश चौधरी ने पाइप से मारपीट की। विवाद की जड़ लवकुश की बहन आरती का लापता होना है, जिसे लल्ला बाई का बेटा हरिलाल 3 साल पहले हरियाणा ले गया था। महिला के अनुसार, आरती करीब 4-5 महीने पहले सोनीपत (हरियाणा) से कहीं भाग गई थी, जिसकी रिपोर्ट वहां दर्ज है। इसी बात को लेकर लवकुश ने महिला पर अपनी बहन को श्बेचनेश का आरोप लगाया और घर के सामने आकर गाली-गलौज करते हुए पाइप से हमला कर दिया। हमले में महिला के पीठ, हाथ और कूल्हे पर चोटें आई हैं। शोर मचाने पर परिजनों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी लवकुश चौधरी के खिलाफ धारा 296 (बी), 115 (2) और 351 (3) ठछै के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नॉलेज किंगडम हाई स्कूल पवई के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में मारी वाजी



**पवई।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के छात्र/छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे पवई नगर की प्रतिष्ठित संस्था नॉलेज किंगडम हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी स जिसमे कक्षा 8 मे राज जायसवाल 93:,देव सिंह 92.8: ,वैष्णवी नगायच 92:,यशिता तिवारी 92:,तान्या त्रिपाठी 91.8:, प्रिया गौतम 91.5:,वंशिका सोनी 90.3:,अनन्या सोनी 89.3:,रिया चौरसिया 89.3:,कृष्णा गुप्ता 89.3:,अंजली सिंह 89:,पार्थ पाण्डेय 89:,पुष्पेंद्र सिंह 89:,एलिस कुजूर 88.6:,वैष्णवी सेठिया 88.6:,निवेदिता सिंह बुंदेला 88.1:, श्रेयांश मिश्रा, 88.1:, अथर्व सोनी 87.6:,नैतिक गुप्ता 86.8: ,रिया गौतम 86: पुष्पराज सिंह 78.3:, उवेश मोहम्मद 75: सक्षम छिरोल्या 75: एवं कक्षा 5 मे आदर्श पाठक 91.7:, मान्यता पटेल 88:,लक्ष्य चौरसिया 87.2:, अथर्व अग्रवाल 86:,अविका जैन 85.7:,जैनब खान 85.7: प्रभव लटोरिया 85.5:रिदित जायसवाल 85:,समर्थ अग्रवाल 84:, अर्पणा सोनी 84:, उदय तिवारी 83.7:,प्रतीक्षा दहायत 83:, समर्थ परमार 82.7: ओम सिंह भदौरिया 81:,अवनीशा सिंह 82:, अंश मिश्रा 82: एवं शिवा गुप्ता ने 82: अंक प्राप्त किएस.इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप चौबे एवं समस्त स्टाफ ने बच्चों को शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ई-दक्ष केन्द्र में दो दिवसीय सूचना का अधिकार प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना।** कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र पन्ना में गुरूवार को दो दिवसीय सूचना का अधिकार अधिनियम विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी ने सक्रिय सहभागिता की। वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. भोलानाथ जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के महत्व एवं आवश्यकता, एक्ट की विस्तृत जानकारी एवं मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही लोक सूचना अधिकारियों के लिए आवश्यक सावधानियों एवं दायित्वों को विस्तार से समझाया गया।

प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक स्तर पर अधिनियम को समझने में सहायता मिली। प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए उत्कृष्ट फीडबैक दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने में आरटीआई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा अधिकारियों से अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा व्यक्त की। ई-दक्ष केन्द्र पन्ना द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे शासकीय सेवाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता को बढ़ावा मिल सके।



## जेके सीमेंट पन्ना में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**पन्ना।** जेके सीमेंट, पन्ना द्वारा एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन कंपनी के एचआर हेड श्री अविनेश गौतम द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें जेके सीमेंट के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस पहल ने सामाजिक जिम्मेदारी और मानव सेवा के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय पन्ना जिला अस्पताल की टीम द्वारा किया गया, जबकि रक्त संग्रहण का कार्य रेड क्रॉस सोसाइटी, पन्ना की टीम द्वारा किया गया। उनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जेके सीमेंट प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## प्राचीन संस्कृति को समेटे हुए नवदुर्गा पर्व गांवों में आज भी जवारे विर्सजन में जहां मां के आर्षीवाद से गांव की रक्षा कवच जैसा बरदान मानते है लोग

*ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मां का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ श्रृद्धाभाव से ओतप्रोत प्राचीन संस्कृति को आज भी ताजा करते हुए जहां गांव मे मां का पर्व जवारा रखकर भजनों को गाते हुए वही पूरे वर्ष के लिए चैत्र नवदुर्गा में जहां जवारों के साथ मां के आर्षीवाद व रक्षा कवच को लेकर देवीपूजन व जवारों का विसर्जन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी देखने में आया।*



**पन्ना।** नवदुर्गा पर्व मां की शक्ति स्वरूपा प्राचीन संस्कृति को समेटे हुए गांवों में आज भी आदर्ष देखने को मिलता हैं जहां प्रतिवर्ष की तरह जवारे रखे जाते है वहीं प्रतिदिन संध्याकालीन रात्रि के समय गांव के लोग मां की भक्तें भजन के रूप में जवारे जहां रखे होते है वहां सभी मिलकर मां की आराधना को लेकर भजन गाते है। इतना ही नहीं अष्ठमी का दिन जहां महा आरती के रूप में बडे उत्साह के साथ मनाया जाता हैं जहां यह पर्व मां की आराधना व शक्ति का पर्व तो मानते ही है वहीं गांव की रक्षा को लेकर मां की पूजा को लेकर यह चैत्रनवदुर्गा का पर्व माना जाता है। विगत दिवस नवमी के दिन जहां प्राचीन समय से जवारों का विसर्जन किस तरह से किया जाता है वह देखते ही बनता है गांव में हमारी संस्कृति आज भी प्राचीन सभ्यता को हमारे त्यौहारों से देखने व जानने को मिलती है। यह त्यौहार गांव में बड़े ही श्रृद्धाभाव के साथ देखने को मिला। जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में जहां मां के पर्व में महा आरती अष्ठमी के दिन सम्पूर्ण गांव के लोगों ने आरती लेकर मां का आर्षीवाद लिया। वहीं नवमी के दिन जवारे विर्सजन में पूरे गांव में देवताओं का पूजन मां के विषेष स्थानों में जहां प्राचीन परम्परा के अनुसार पूजन अर्चन किया गया। वहीं सम्पूर्ण गांव में रक्षाकवच की तरह मां की ज्योति जो निकली मां के आराधना के समय जिस तरह से मां के वाहक के रूप में आज भी बरूआ आते है तरह-तरह से मां के रूप में गांव के रक्षा को लेकर आर्षीवाद भी माना जाता है। मां की आराधना का पर्व वहीं गांव की रक्षा के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण माना जाता है। इस तरह से जहां नवदुर्गा का पर्व जवारों के विसर्जन के साथ हुआ सम्पन्न।



## बालाजी सरकार अमानगंज में हर्षो उल्लास के बीच मनाई गई रामनवमी

**अमानगंज-** चौत्र नवरात्रि की नवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव हिंदु सनातन संस्कृति हर वर्ष मनाती है जिसका उत्साह सारे देश में नजर आता है पन्ना जिले के अमानगंज नगर के प्रमुख देव स्थल श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी दोपहर ठीक 12रू00 बजते ही भारी आतिशबाजी शुरू हो गई घंटा घड़ियाल जोर- सोर से सुनाई देने लगे मंदिर पुजारी द्वारा पूरी श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बालाजी सरकार उनकी सारी टीम की आरती उतारी गई आरती की उपरांत भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी की सामूहिक स्तुति भक्तों ने गाई भाई संख्या में उपस्थित माताओं बहनो ने भी भगवान श्री राम जी के भजन और राम नाम सामूहिक रूप से जप पाठ किया गया। भगवान को प्रसाद अर्पण होने के बाद भक्तों में भी नाना प्रकार की मिठाइयां फल फूल सामूहिक रूप से विकसित किए गए इसके अलावा नगर के राघव जी मंदिर राम दरबार में भी रामनवमीकी मनाए जाने की चर्चा यहां भक्तों ने रखी यहां भी सामूहिक रूप से भारी संख्या में भक्त एकत्रित हुए और पूरे विधि विधान से भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव पूरी आस्था विश्वास और धर्म के साथ मनाया गया।

## विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने चंदौरा में पंथूरिया देई माता मंदिर शेड का किया भव्य लोकार्पण



**अजयगढ़।** क्षेत्र में धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम चंदौरा स्थित पंथूरिया देई माता मंदिर में नव निर्मित मंदिर शेड का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भव्य लोकार्पण किया। यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बन गया।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। माता पंथूरिया देई के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, श्रद्धालु एवं जनप्रतिनिधि इस पावन अवसर के साक्षी बने। विधायक श्री सिंह ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से माता रानी का पूजन-अर्चन किया और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक स्थलों का विशेष महत्व है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं होते, बल्कि वे समाज को जोड़ने, संस्कारों को सशक्त करने और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि चंदौरा स्थित पंथूरिया देई माता मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है, और यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड निर्माण एक आवश्यक कार्य था। उन्होंने आगे कहा कि इस शेड के निर्माण से अब श्रद्धालुओं को धूप, बारिश एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों से राहत मिलेगी, जिससे वे अधिक सहजता और श्रद्धा के साथ माता रानी के दर्शन कर सकेंगे। यह कार्य आस्था के प्रति सम्मान और जनसेवा की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सिंह ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास और धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। लोकार्पण के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन ने चंदौरा गांव को भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को क्षेत्र की आस्था और विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## माधवी अग्निहोत्री को मिली थाना सिमरिया की कमान



**अमानगंज, पन्ना।** बुन्देलखण्ड के सबसे बड़े मेले कुआंताल की संभाली जिम्मेदारी सिमरिया पुलिस विभाग में हाल ही में हुए स्थानांतरण के तहत गुन्नौर से आईं माधवी अग्निहोत्री ने थाना सिमरिया का कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है।कार्यभार संभालते ही उन्हें क्षेत्र के प्रसिद्ध कुआंताल मेले की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने बताया कि मेले में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मेले के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## पन्ना में धूमधाम से मनाया गया राम नवमी उत्सव, सांसद बी.डी. शर्मा हुए शामिल



**पन्ना।** धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच पन्ना शहर में राम नवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे शहर में भक्ति का माहौल बना रहा। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद बी.डी. शर्मा जी के साथ साथ विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पांडे श्री विष्णु पांडे एवं नगर की समस्त सम्मानित जन प्रतिनिधि, समस्त भक्तगण, सामाजिक संगठन के अध्यक्ष मातृशक्ति ओर क्षेत्र से आए जनता जनार्दन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राम नवमी शोभा यात्रा समाज की एकजूटता का संकेत देती है। शहर के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था। वहीं, निकाली गई भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। राम नवमी के इस पावन अवसर पर पूरे पन्ना जिले में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला।



## नवरात्रि पर लीनेस क्लब पन्ना द्वारा कन्या भोज का आयोजन

**पन्ना।** नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्याओं के सम्मान में लीनेस क्लब पन्ना द्वारा कन्या भोज का आयोजन रखा गया। यह कार्यक्रम राखी पाटकर के निवास पर संपन्न हुआ, जहां क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवरात्रि के अवसर पर कन्याओं का विशेष महत्व माना जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए क्लब की बहनों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष संगीता राय, सचिव शशि वाला त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अंजली सिंह सहित रचना पाटकर, राखी पाटकर, श्वेता गुप्ता, वर्षा बुंदेला, निधि पटेरिया, माला जैन, वर्षा जैन, आरती शिवहरे, प्रियंका शिवहरे, अंजलि गोस्वामी, आरती खरे, सुनीता गुप्ता, कुमकुम राजे, जागृति राजपूत, शालिनी जायसवाल, अमिता तिवारी, उषा मिश्रा, आशा गड़पाले, सीता चौहान, अर्चना सिंह, मनीषा दीक्षित, डॉ. भारती खरे, साधना पाटकर, कृति शर्मा और स्मिता पाठक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर नवरात्रि के इस पावन पर्व को सेवा और संस्कार के साथ मनाने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**



## दो बाइकों की भीषण टक्कर, दो लोग घायल, एक की हालत गंभीर

**छतरपुर।** ईशानगर से कुर्रा जाने वाले रोड़ पर तड़पेड़ नदी के पास अंधे मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में बिहारीलाल अहिरवार उम्र 38 वर्ष निवासी गोर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर किया।

ईशानगर के कुर्रा रोड पर तड़पेड़ नदी के पास अंधे मोड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर डॉयल 112 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में पड़े बिहारीलाल अहिरवार व राजेंद्र विश्वकर्मा को डॉयल 112 में बैठाकर ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये व परिजन को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र विश्वकर्मा निवासी ईशानगर अपने पिता को बिहाटा गांव छोड़कर वापिस आ रहा था। इसी दौरान ईशानगर की तरफ से आ रहे बिहारीलाल अहिरवार अपनी गाड़ी से संतुलन खो बैठा सामने से आ रही राजेंद्र विश्वकर्मा की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। डॉयल 112 पायलट परशुराम यादव आरक्षक धर्मेंद्र मिश्रा ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया।

## एनटीपीसी विंध्याचल में 'ऐश डाइक प्रबंधन' पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में 23 एवं 24 मार्च 2026 को उमंग भवन सभागार में "स्मार्ट ऐश डाइक मैनेजमेंटः टेक्नोलॉजी, सेफ्टी एवं सस्टेनेबिलिटी का समन्वय" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीसी ओएस द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों, विभिन्न स्टेशनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के जानकारों ने भाग लेकर सुरक्षित, सतत एवं तकनीक आधारित प्रबंधन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री बिद्या नंद झा, कार्यकारी निदेशक (ओएस) द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) विंध्याचल, श्री सीएच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षणएम) सिंगरौली, श्री प्रणय कुमार नायक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रिहंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक(सीसी-ओएस एएमजी) एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में स्मार्ट ऐश डाइक प्रबंधन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंटेशन के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ड्रोन आधारित निगरानी तथा एआई/एमएल आधारित असामान्यता पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईटी कानपुर एवं अग्रणी तकनीकी कंपनियों के विशेषज्ञों ने जियोसिंथेटिक्स द्वारा डाइक सुदृढ़ीकरण, जलकुंभी उन्मूलन तथा सुरक्षित ऐश उपयोग हेतु एकीकृत आईटी प्रणालियों जैसे नवाचारों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यशाला में विंध्याचल, टीएसटीपीएस, रिहंद, शक्तिनगर, कोरबा एवं झज्जर सहित विभिन्न परियोजनाओं के प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अनुभव साझा किए गए। साथ ही सीसी-ओएस, सीसी-आईटी, स्टेशन इंजीनियरिंग एवं सीसी एएमजी की सहभागिता ने सामूहिक ज्ञान-विनिमय को बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण शाहपुर ऐश डाइक का फील्ड विजिट रहा, जहां प्रतिभागियों को जमीनी स्तर पर किए जा रहे कार्यों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं का अवलोकन करने का अवसर मिला।

# अनियंत्रित ईको वाहन दुकान में घुसा, बड़ा हादसा टला



**छतरपुर।** जिले के भगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिनगर तिराहे पर शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अचानक अनियंत्रित होकर एक ईको वाहन सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी। घटना के समय दुकान के आसपास खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार द्वारका प्रसाद तिवारी मबया की ईको वाहन अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गई। इस हादसे में 3 वर्षीय आस्था अहिरवार और 24 वर्षीय रवीना अहिरवार को मामूली चोटें आईं। दोनों को निजी वाहन से तुरंत अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली कि समय रहते कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

घटना की सूचना मिलते ही भगवां थाना प्रभारी कृपाल मार्को मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। उन्होंने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई और आगे की कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन की गति अधिक होने या ड्राइवर के नियंत्रण खो देने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस अब वाहन चालक की भूमिका और पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जांच कर रही है।

# अफवाह से मचा हड़कंप, बकस्वाहा में पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के बकस्वाहा नगर में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाह फैलते ही लोगों में भारी अफरा-तफरी मच गई। बुधवार सुबह से ही विभिन्न पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। लोग जल्द से जल्द अपने वाहनों में ईंधन भरवाने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करते नजर आए। स्थानीय किसानों और आम नागरिकों का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर जमाखोरी किए जाने की आशंका है, जिसके कारण कृत्रिम कमी की स्थिति पैदा हो गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप मालिक ईंधन को जानबूझकर रोककर रख रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की वास्तविक कमी भी देखने को मिली। कई लोग घंटों तक लंबी लाइनों में खड़े रहने के बावजूद बिना ईंधन लिए खाली हाथ लौटने को मजबूर हो गए। इससे लोगों में गुस्सा और बढ़ गया।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अफवाह फैलाने वालों तथा जमाखोरी करने वालों की तुरंत जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बढ़ाकर स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य करने की अपील की गई है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### छतरपुर-पन्ना हाइवे पर खाई में पलटा ट्रक, पलटते ही लगी आग

# ट्रक धू-धू कर जला, जंगल की ओर फैली आग, पुलिसकर्मियों ने हाथों से बुझाई



**छतरपुर।** छतरपुर-पन्ना हाइवे पर मडला और पन्ना के बीच स्थित घाटी क्षेत्र में भैरव टेक मंदिर के नीचे एक बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा और पलटते ही उसमें आग लग गई। ट्रक धू-धू कर जलने लगा और आग तेजी से जंगल की ओर फैलने लगी। ट्रक में सवार चालक और हेल्पर घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने पूरे घटनाक्रम की सूचना 112 को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस अधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

इस बीच आग विकराल रूप ले चुकी थी और जंगल की ओर बढ़ रही थी। पन्ना कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा सहित पुलिस के आला अधिकारी और कर्मचारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। आग का क्षेत्रफल फायर ब्रिगेड की पहुंच से बाहर होने के कारण पुलिसकर्मी खुद हाथों में पत्ते लेकर जंगल में घुस गए और आग बुझाने में जुट गए। पुलिस की मेहनत से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान घाटी में दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही लगभग एक घंटे तक ठप रही। चौंकाने वाली बात यह रही कि आग लगने के बावजूद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच सके। पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई और मेहनत से बड़े हादसे को टाला गया। पुलिस अब फरार ट्रक ड्राइवर और हेल्पर की तलाश में जुट गई है।

**बागेश्वर धाम में भव्य पहलवानी दंगल का आयोजन**

# बागेश्वर धाम में हुआ भव्य दंगल, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने दिखाया पहलवानी का जोश



**छतरपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर बागेश्वर धाम में एक भव्य पहलवानी दंगल का आयोजन किया गया। इस अनोखे कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी ताकत तथा हुनर का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंचमुखी हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद सभी पहलवानों ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण महाराज के साथ समूह फोटो खिंचवाई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज श्री ने सभी प्रतिभागियों को पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

दंगल की शुरुआत बुंदेलखंड क्षेत्र के उन्नाव के विपिन और औरैया केसरी विनोद के बीच रोमांचक मुकाबले से हुई, जिसमें दोनों पहलवानों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद विभिन्न आयु वर्ग के पहलवानों के बीच अलग-अलग मुकाबले हुए, जिन्होंने दर्शकों को भरपूर रोमांच प्रदान किया। कार्यक्रम का सबसे यादगार पल तब आया जब महाराज श्री ने दर्शकों के बीच बैठे छोटे-छोटे बच्चों को दंगल मैदान में आमंत्रित किया। बच्चों ने भी उत्साह के साथ अपनी पहलवानी का प्रदर्शन किया। इसके बाद बुजुर्गों ने भी अखाड़े में उतरकर अपना दमखम दिखाया और पूरे मैदान को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को बागेश्वर बालाजी भगवान का विग्रह तथा 500 रुपये की सम्मान राशि भेंट की गई। यह पहली बार था जब बागेश्वर धाम में इस तरह का पारंपरिक कुश्ती दंगल आयोजित किया गया, जिसने पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने का सशक्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले बागेश्वर धाम में द ग्रेट खली की टीम द्वारा डब्ल्यूडब्ल्यूई शैली का आयोजन भी किया जा चुका है। यह दंगल शाम से रात 10 बजे तक चला, जिसमें उत्तर प्रदेश के उन्नाव, बनारस, बांदा तथा मध्य प्रदेश के खजुराहो से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस अनोखे कार्यक्रम का आनंद लिया।

### रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, 50 हजार रामभक्तों ने लिया हिस्सा

# पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने बढ़ाई रौनक, भक्तों ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत

**छतरपुर।**

रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में भक्तिमय माहौल रहा। सुबह 11 बजे से रामलीला मैदान के मंच पर रामजन्म का मंचन शुरू हुआ, जिसे रामलीला के कलाकारों ने बड़ी भक्ति और निष्ठा के साथ प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम लगभग दो बजे तक चला। कार्यक्रम के समापन के बाद जनप्रतिनिधियों ने भगवान रामजी की आरती उतारी और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ललिता यादव, पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, अर्चना सिंह, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नमःशिवाय अरजरिया, एसपी अगम जैन, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।













### आरती और प्रसाद वितरण के बाद शुरू हुई भव्य शोभायात्रा

आरती समाप्त होते ही भव्य शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा में सबसे आगे प्रताप नवयुवक संघ द्वारा तैयार की गई भगवान गणेश की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। गणेश जी की झांकी के साथ मातृशक्ति ने अपने करतबों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### शोभायात्रा में मातृशक्ति की रही अहम भूमिका

शोभायात्रा के दौरान मातृशक्ति की अहम भूमिका रही। प्रताप नवयुवक संघ द्वारा लगभग 15 दिनों से दिए जा रहे प्रशिक्षण के बाद शोभायात्रा में शामिल हुईं लगभग दो हजार लड़कियों ने अलग-अलग करतब दिखाए। जिनमें तलवारबाजी, डमरू, फरसा, बैण्ड, झांझर, भगवा ध्वज सहित अनेक प्रकार के करतब दिखाए जिससे शोभायात्रा में चार चांद लग गए।

शोभायात्रा में बग्घियों पर विभिन्न भगवान के स्वरूप सजाकर चलाए गए। भगवान शंकर का स्वरूप पैदल चलते हुए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसी तरह उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर झांकी सजाई गई। भगवान राम के बाल स्वरूप की झांकी, उनके वनगमन की झांकी की शोभायात्रा में प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा के दौरान बैंड, डीजे, वाद्य यंत्रों और ढोल की धुन गूंजती रही, जो पूरे मार्ग को भक्तिमय बना रही। पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने शोभायात्रा की रौनक बढ़ा दी।

### 50 हजार रामभक्तों ने निकाली शोभायात्रा

शोभायात्रा में लगभग 50 हजार रामभक्त शामिल हुए। सड़कों के दोनों ओर भक्तों का हुजूम उमड़ा हुआ था। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां रामभक्तों को शरबत, जलजीरा, हलवा और विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री प्रसाद रूप में वितरित की गई। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। छत्रसाल चौराहे के पास पन्नानाका की ओर से भी झांकियां सम्मिलित हो गईं और यहां शोभायात्रा में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### शोभायात्रा का समापन भगवान राम के रथ के साथ

शोभायात्रा के अंत में भगवान राम का विशाल रथ चल रहा था, जिसे देखकर भक्तों में उत्साह की लहर दौड़ गई। पूरे मार्ग पर रामभक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए और भक्ति भाव से शोभायात्रा में भाग लिया। भगवान श्रीराम के रथ को मातृशक्ति के साथ सर्वसमाज के लोगों ने बदल-बदल कर उसे खींचा। इस भव्य आयोजन ने रामनवमी के पावन पर्व को और भी यादगार बना दिया। शोभायात्रा को सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन की चौकस व्यवस्था रही।

# ईशानगर में भक्तिमय माहौल में जवारे विसर्जन

**नौ दिनों की आराधना के बाद शुरू हुई पारंपरिक विसर्जन यात्रा, महिलाएं सिर पर लेकर चलीं ज्योत**



**ईशानगर।** चैत्र नवरात्रि की नौ दिनों की विधिवत आराधना और भक्ति के बाद अब ज्योत जवारे विसर्जन का दौर शुरू हो गया है। नवरात्रि की समाप्ति के साथ ही ईशानगर तथा आसपास के क्षेत्र से पारंपरिक सेवा गीतों और माता के जयकारों के बीच भक्तगण ज्योत जवारे विसर्जन के लिए निकले। इससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया।

नौ दिनों तक विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। इस यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर ज्योत जवारे रखकर आगे बढ़ती नजर आईं, जबकि कई भक्त दंडवत लेटकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता से प्रार्थना करते दिखे। सेवा गीतों और माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

ईशानगर के दीनदयाल प्रजापति, धनीराम प्रजापति और अन्नू प्रजापति ने बताया कि नौ दिनों की सेवा के बाद ज्योत जवारे विसर्जन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ज्योत जंवारा की यह परंपरा आदि काल से चली आ रही है, जिसे परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस आयोजन में पूरे परिवार के साथ मोहल्लेवासियों और क्षेत्रवासियों का भी विशेष सहयोग रहता है।

नवरात्रि की समाप्ति पर निकाली गई विसर्जन यात्राएं नगर के अलग-अलग वार्डों और क्षेत्रों से शुरू होकर प्राचीन गढ़ी श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न होती हैं। ज्योत जंवारा विसर्जन के दौरान भक्तों में माता के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। श्रद्धा, परंपरा और सामूहिक सहभागिता का सुंदर संगम नजर आया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# नौगांव में निकली शोभा यात्रा, छात्राओं की तलवारबाजी रही आकर्षण का केन्द्र



**नौगांव।** हर वर्ष की भांति इस बार भी छतरपुर जिले के नौगांव नगर में रामनवमी का पर्व बड़े धूमधाम और भक्ति भाव से मनाया गया। शुक्रवार को दोपहर लगभग 3:30 बजे साहू मोहल्ला से भगवान राम की पूजा-अर्चना के साथ विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों—साहू मोहल्ला, महाजन चौराहा, मोनी बाबा मंदिर, कोतवाली चौराहा, देवी निवास, बाजार, मुसाफिरखाना, सैयद ब्रदर चौराहा, बस स्टैंड, चांदसी चौराहा, तहसील चौराहा, धीरेंद्र कॉलोनी, डाकखाना और ईसानगर चौराहा—से गुजरता हुआ मां कर्मा देवी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। शोभा यात्रा रात करीब 9 बजे तक चली। रामनवमी समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उज्जैन और सागर से आए नंदिनी बैंड ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को रोमांचक बना दिया। जुलूस में महिला शक्ति का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। 5 से 20 वर्ष तक की छात्राओं ने सामूहिक तलवारबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जो पूरे रास्ते आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे। डीजे की ताल पर छात्राओं की तलवारबाजी ने युवा और बुजुर्ग सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शोभा यात्रा में भगवान राम, भगवान शिव तथा अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां लोगों का ध्यान खींच रही थीं। साथ ही घोड़े, बाजे-गाजे और डीजे की धुन ने पूरे जुलूस को और भी भव्य बना दिया। नगर के लगभग सौ स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूल बरसाए गए और आरती उतारी गई।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

आयोजन के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए नौगांव तहसीलदार, एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे नगर में सतर्कता बरती गई।



### प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

शोभा यात्रा और पूजन कार्यक्रम में पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजुल सक्सेना, उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव, अरविंद यादव, वीरेंद्र पाराशर सहित शहर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान राम के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### आप के जिला अध्यक्ष एड राजीव सिंह परिहार ने पार्टी से दिया इस्तीफा, कारण में लिखा .समय का अभाव है



**रीवा।** आम आदमी पार्टी रीवा के जिला अध्यक्ष (शहरी) एडवोकेट राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने अपना इस्तीफा मध्यप्रदेश के प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर को भेजा है, आम आदमी पार्टी ने हाल ही में अपना मध्यप्रदेश का संगठन निर्माण करते हुए रीवा में अपना पार्टी का जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) को बनाया था, और अचानक इस्तीफा देना चर्चा का विषय बना हुआ है, जिला अध्यक्ष के पद से राजीव सिंह परिहार ( शेरा सिंह) ने कहा कि अगले वर्ष मध्यप्रदेश में पंचायत और निगम के चुनाव है जिसमे पार्टी को लगातार आंदोलन प्रदर्शन, करना है और मैं वकालत के काम में व्यस्त होने के कारण पार्टी और जिला अध्यक्ष के पद के साथ समय ना दे पाने न्याय नहीं कर पाऊँगा ऐसी स्थित में पद में बना रहना उचित नहीं होगा और पार्टी के साधारण सदस्य के रूप में काम करूँगा।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला की सोने की चैन छीनकर हुए चंपत

**कटनी।** रंगनाथ थाना क्षेत्र के बरगवां स्थित डन कॉलोनी में शुक्रवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चैन छीनकर भाग गए। वारदात उस समय हुई जब महिला एक हॉस्पिटल के बाहर टहल रही थी। जानकारी के मुताबिक उमरिया निवासी हामना खातून अपने पुत्र गुलाम नवी के साथ इलाज कराने कटनी आई थी। डन कॉलोनी स्थित हॉस्पिटल में उसका इलाज चल रहा था। सुबह 7 बजे जब हामना खातून हॉस्पिटल के बाहर घूम रही थी, उसी दौरान दो अज्ञात बाइक सवार वहां पहुंचे और महिला के गले से सोने की चैन लूटकर भाग गए। घटना की सूचना रंगनाथ नगर पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल का मोआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अज्ञात बदमाश भागते हुए सीसीटीव्ही कैमरे में नजर आ रहे हैं। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरूण पाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### खतरनाक उद्योगों में बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध

**कटनी।** खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों का नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। श्रम स्टार रेटिंग के अंतर्गत यदि किसी संस्थान में बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाया जाता है, तो जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उस संस्थान को शून्य अंक दिए जाएंगे

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा का योगदान अविस्मरणीय रहेगाः उप मुख्यमंत्री

## जयंती समारोह एवं कृषक सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सेमरिया क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा का स्वतंत्रता आंदोलन में दिया गया योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बलिदान से प्रेरणा लेकर देश को आगे ले जाने में हम सभी को समवेत होना है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा के जयंती समारोह में आयोजित कृषक सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने मोलई कुशवाहा की मूर्ति के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सौभाग्यशाली दिन है, क्योंकि आज भगवान राम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है साथ ही इस क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री मोलई कुशवाहा की जयंती है और आज ही कृषक सम्मेलन में प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया जा रहा है। स्वयं को एवं अपनी धरती माता को स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक है। किसान भाईयों को चाहिए कि वह उपलब्ध जमीन में से कुछ हिस्से में प्राकृतिक खेती करें।



मानवता को निरोगी रखने का सही साधन प्राकृतिक खेती ही है। उन्होंने कुशवाहा समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह प्राकृतिक खेती को अपनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें क्योंकि उनका कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में अग्रणी स्थान है। रीवा जिले के निवासी प्राकृतिक खेती को अपनाने में आगे आ रहे हैं। गौ माता धरती में जीती जागती देवी की स्वरूप हैं। इनके गोबर और गौमूत्र का उपयोग भगवान के पूजन में किया जाता है। गौ माता के गोबर से निर्मित खाद और कीटनाशक प्राकृतिक खेती के लिए लाभकारी है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए सभी को संकल्पित होने का आह्वान किया। शुक्ल ने चौराहे में सम्राट अशोक की मूर्ति स्थापना किए जाने की बात भी कही।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने कहा कि आज का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रदेश में इस वर्ष कृषक कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का लाभ लेने और इसको बढ़ावा देने के लिए सेमरिया के लोग सबसे पहले आगे आए हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी इसे अपनाने का आह्वान किया। कोटा ग्राम में आयोजित कृषक सम्मेलन में डॉ एलएम कुशवाहा, प्रदीप सोहगौरा, विमलेश कुशवाहा, राजेन्द्र वर्मा, त्रियुगीनारायण शुक्ल, डॉ राजकिशोर कुशवाहा, सरपंच गेंदाबाई कुशवाहा, अजय शुक्ला, राजेन्द्र विश्वकर्मा, राजेश यादव, रजनीश कुशवाहा, रजनीत कुशवाहा तथा अजीत कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### रानी तालाब मंदिर परिसर में आयोजित माँ भगवती जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रीवा ।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में महाअष्टमी पर गत रात्रि रीवा के रानी तालाब मंदिर परिसर में विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि माँ के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं। हम सभी पर माता का आशीर्वाद बना रहे और हमारा रीवा हर क्षेत्र में नित नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ भगवती के जागरण से देवी माँ प्रसन्न होती हैं। प्रतिवर्ष यह आयोजन होता रहे और माता का आशीर्वाद हमको मिलता रहे। उन्होंने कहा कि इस समय मानवता संकट में है। इस संकट से सिर्फ माँ ही उबार सकती हैं। उन्होंने कहा कि माता के दरबार एवं रानी तालाब के चमकने के साथ ही रीवा भी चमकने लगा है। हम सब की प्रार्थना है कि माँ हमें आशीर्वाद देती रहें और रीवा की चमक बरकरार रहे। उप मुख्यमंत्री ने देवी जागरण में भजन की प्रस्तुति देने वाली गायिका यशस्वी की भावपूर्ण प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने पीबीआई के सूचकांकों में सुधार हेतु सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा पीबीआई के सूचकांकों में सुधार हेतु 8 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा डॉ यत्नेश त्रिपाठी को दिया गया। ज्ञापन में कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि के सूचकांकों में बदलाव करने अनुरोध किया गया । सी एच ओ द्वारा बताया गया कि सीएचओ के मानदेय का 37% भाग कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया जाता है जो कि मानदेय का ही भाग है जिसके कुछ मापदंडों में बदलाव कर लक्ष्य बहुत ज्यादा कर दिया गया है। जिसे व्यावहारिक एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कर पाना संभव नहीं है। उदाहरण के लिए NCD का राष्ट्रीय लक्ष्य 1000 की जनसंख्या का 37% है। जिसे एक साल में पूरा करना होता था परंतु वर्तमान में 15% भाग मासिक लक्ष्य रखा गया है जो कि पूर्ण कर पाना संभव नहीं है। इसी प्रकार ओरल कैंसर स्क्रीनिंग का भी लक्ष्य 15% प्रतिमाह किया गया है जबकि पोर्टल में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग 5 वर्ष में एक बार की जा सकती है। गंभीर एनीमिया का लक्ष्य प्रतिमाह कुल गर्भवती का 1% रखा गया है जो कि पूर्ण कर पाना संभव नहीं है।टीवी कार्यक्रम



अंतर्गत पूर्व में ओपीडी का 3% लक्ष्य था जिसे बढ़ाकर ओपीडी का 15% कर दिया गया है। आयरन सुक्रोज इंजेक्शन के लिए कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का 70% लक्ष्य निर्धारित किया गया है जबकि वास्तविक स्थिति में 50% के भी कम गर्भवती महिलाएं इस श्रेणी में चिह्नित हो रही हैं। उपरोक्त लक्ष्य पूर्ण न होने पर प्रति माह कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि में नुकसान हो रहा है। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ राजकरण ठाकुरिया, जिला उपाध्यक्ष डॉ अवध बिहारी गौतम, डॉ. अजय सिंह, जिला महामंत्री डॉ प्रदीप सिंह, डॉ अखिलेश द्विवेदी, जिला सलाहकार डॉ पंकज उपाध्याय, डॉ सुशील मांझी, डॉ राकेश गौतम डॉ अनिल सिंह, श्री शिवेंद्र यादव, श्रीमती प्रियंका पटेल, श्रीमती छाया त्रिपाठी श्रीमती योगिता पटेल एवं समस्त ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# झाड़-फूंक के बहाने महिला को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म

### आरोपी गिरफ्तार अश्लील फोटो वायरल कर दी धमकी, पीड़िता की शिकायत पर जवा पुलिस की कार्रवाई,पहले भी दुष्कर्म के मामले में जा चुका है जेल

रीवा।

जिले के जवा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ धोखाधड़ी, दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन के दबाव का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी अनीस मोहम्मद ने वर्ष 2022 में झाड़-फूंक के बहाने पीड़िता के घर पहुंचकर उसका विश्वास जीता। इसी दौरान उसने महिला को नशीली दवा खिलाकर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं। बाद में इन तस्वीरों के आधार पर आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप



है कि आरोपी लगातार उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाता रहा। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। बताया गया है कि आरोपी पूर्व में भी दुष्कर्म के एक अन्य मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका था और मई 2025 में जमानत पर रिहा हुआ था। जेल से बाहर आने के बाद उसने पुनः पीड़िता को निशाना बनाते हुए उसे धमकाना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला द्वारा आरोपी की बात मानने से इनकार करने पर उसने कथित रूप से उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दीं। इससे आहत होकर पीड़िता ने जवा थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई।शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की और तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ लेने ऋण राशि जमा करने का आज अंतिम दिन



**रीवा।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अन्तर्गत रीवा और मऊगंज जिले की 148 कृषि साख सहकारी समितियाँ संचालित हैं। इन समितियों द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में लगभग 35 हजार किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर 136 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया था। इनमें से 33500 किसानों द्वारा 128 करोड़ रुपए ऋण राशि जमा करा दी गई है। इस संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने शेष किसानों से 28 मार्च तक बैंक से ली गई ऋण राशि जमा करने को कहा है, जिससे उन्हें ऋण पर शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ मिल सके। 28 मार्च के बाद जमा होने वाली ऋण राशि में शून्य प्रतिशत ब्याज का लाभ नहीं मिलेगा।

## लोक अदालत की छूट 31 मार्च तक, करदाताओं के लिए सुनहरा मौका लोक अदालत छूट बरकरार, 1 अप्रैल से लगेगा अधिभार

रीवा।

मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में लोक अदालत अंतर्गत दी गई छूट को 31 मार्च 2026 तक यथावत रखा गया है। उल्लेखनीय है कि शहर के करदाताओं के पास बकाया कर 31 मार्च 2026 तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब कुछ ही दिन शेष हैं। 1 अप्रैल 2026 से समस्त बकाया करों की राशि पर दोगुना प्रभाव लागू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें। रीवा नगर के समस्त स्व-आवासीय भवनों पर वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च 2026 तक ही प्रभावी रहेगी। इसके पश्चात यह छूट समाप्त हो जाएगी तथा 12 प्रतिशत अधिभार देय होगा। साथ ही जिन भवन स्वामियों द्वारा वर्ष 2024-25 तक का संपत्तिकर जमा नहीं किया गया है, उन्हें एक बार फिर अधिभार से छूट प्राप्त करने का अवसर मिला है। अब 31 मार्च तक लोक अदालत की तर्ज पर 2024-25 तक के बकाया पर छूट मिल रही है। सभी बकायादारों को 31 मार्च के पूर्व शीघ्र भुगतान करने की सलाह दी गई है, अन्यथा उनके भवन/प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी/कुर्की की कार्यवाही की जा सकती है। निगम आयुक्त ने सभी करदाताओं, शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों तथा व्यापारियों से अपील की है कि वे आगामी सातों दिन, अवकाश के दिनों में भी, निगम प्रशासन द्वारा प्रदत्त सुविधा का लाभ उठाकर अपने समस्त बकाया करों का भुगतान करें एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

### पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, लाठी-डंडों से लैस पड़ोसियों ने देर रात बोला धावा; बच्चों व महिलाओं सहित कई घायल

**रीवा।** जिले में पारिवारिक विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है, गुरुवार देर रात घर में सो रहे एक ही परिवार पर पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना में मां, बेटा, बेटी सहित कुल छह लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यवहार गांव की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाले केवट परिवार के लोग अचानक लाठी-डंडों और अन्य हथियारों के साथ घर में घुस आए। हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के सो रहे लोगों पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया, जिससे परिवार के सदस्य संभल भी नहीं पाए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल महिला और युवती के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले आरोपियों के साथ उनका लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ितों का कहना है कि हमलावर उनके रिश्तेदार ही हैं, जो पहले भी विवाद कर चुके हैं और अब इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हमले में घायल हुए लोगों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# जिले की सरकारी स्कूलों के पुताई एवं रखरखाव राशि में भारी भष्टाचार स्कूलों के हालात

**बाहर के दीवारों पर की गई पुताई,अंदर की दीवारों को वर्षों से नसीब नहीं हुआ चूना पानी**




**मऊगंज** शिक्षा का मंदिर जहां देश के भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को बेहतर तालीम देने के लिए सरकार द्वारा अकूत राशि खर्च की जा रही है। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बेहतर भवन, खेल मैदान, शुद्ध पेयजल, निशुल्क पाठ्य पुस्तकों से लेकर मध्यान भोजन तक की व्यवस्था की गई है, लेकिन जिले में संचालित कुछ विद्यालयों की जमीनी स्थिति देखी जाए तो साफ जाहिर होता है कि शिक्षा के मंदिर के रखरखाव से लेकर सरकार द्वारा दी जाने वाली अन्य व्यवस्था की राशि में सिस्टम का खेल इस कदर चल रहा है कि सरकार की मंसानुसार योजना को जमीनी रूप नहीं मिल पा रहा है। रखरखाव के अभाव में जिले के कई विद्यालयों के हालात इतने खराब हैं कि भवनों में जहां जगह-जगह दरारें आ चुकी है वही प्लास्टर गिर रहे हैं बारिश के मौसम में छतें टपकती है ऐसा भी नहीं की सरकार द्वारा विद्यालय भवनों के रखरखाव हेतु राशि नहीं दी जाती बल्कि हकीकत यह है कि सरकारी स्कूलों को प्रदान की जाने वाली कंटर्जेंसी राशि में ही विद्यालय के प्रमुख एवं जिम्मेदार सिस्टम के बीच चल रहे खेल के कारण विद्यालय भवनों के हालात सुधरने की बजाय बिगड़ रहे हैं। चल रहे सिस्टम के कारण स्कूल भवनों के रखरखाव एवं पुताई हेतु शासन स्तर पर जारी कंटर्जेंसी राशि में मरम्मत के नाम पर जिम्मेदारों द्वारा खानापूर्ति की जा रही है। हर वर्ष विद्यालय की पुताई एवं रखरखाव हेतु राशि जारी की जाती है लेकिन कागजों में रखरखाव होने के कारण कई विद्यालय भवनों की स्थिति अत्यंत खराब है, लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा सरकारी राशि में किस तरह का खेल किया जा रहा है इसकी परख करने वाले जिम्मेदार अपने जिम्मेदारी शायद भूल चुके हैं। रोकड़ वही की जांच दौरान लिफाफे के दम पर सही गलत की परख का खेल न केवल इन विद्यालय भवनों की सूरत बिगाड़ रहा बल्कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सेहत के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

## एक लाख दीपों से जगमगाया ग्रामोदय विश्वविद्यालय, मां मंदाकिनी की हुई भव्य आरती

**सतना।** रामनवमी के पावन अवसर पर 'चित्रकूट गौरव दिवस' अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस उत्सव के केंद्र में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय रहा, जिसने कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के नेतृत्व में एक लाख एक हजार दीपों को प्रज्वलित कर समूचे क्षेत्र को आलोकित कर दिया।

विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों ने स्फटिक शिला से लेकर सतना बाईपास तक निर्धारित क्षेत्रों में दीपमालिकाएं सजाईं। कुलगुरु प्रो. चौबे ने इस आयोजन को सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।







### भरत घाट पर उमड़ा जनसैलाब

उत्सव की दूसरी बड़ी झलक मां मंदाकिनी के भरत घाट पर देखने को मिली, जहाँ राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने मां मंदाकिनी का विधि-विधान से पूजन कर भव्य आरती का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गौरव दिवस की खुशी में पूरा नगर आकर्षक सजावट से सराबोर दिखा।

### सांसद गणेश सिंह और विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह उपस्थितरहे। हां भैया

दीपों की इस मनोहारी श्रृंखला और मंत्रोच्चार के बीच चित्रकूट में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# रामनवमी पर नईगढ़ी में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**मऊगंज** नव वर्ष एवं श्री रामनवमी पर्व पूरे देश की तरह नवगठित जिला क्षेत्र में बड़े धूमधाम पूर्वक मनाया गया। भगवान श्री राम जन्मोत्सव के पर्व पर श्रीराम भक्त काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। सनातन धर्म प्रेमी स्वयंसेवी संगठनों के द्वारा जिले नईगढ़ी कस्बे में भगवान श्री राम की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। नईगढ़ी कस्बे में श्री रामनवमी के पावन पर्व पर निकाली गई अनोखी शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा फुलवारी मंदिर से चलकर ब्लाक चौराहा मुख्य बाजार किला परिसर पुरानी बस्ती होते हुए फुलवारी मंदिर पहुंची जहां विशेष पूजा अर्चना उपरांत यात्रा आगे जाते हुए पुनः शुभारंभ स्थल पर पहुंची और महाप्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत विशाल शोभा यात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और जय श्री राम के नारे लगाए इस दौरान पूरा क्षेत्र श्री राम भक्ति में इस कदर डूबा की श्री राम के जय घोष से पूरा अंचल गूंज उठा। निकाली गई शोभायात्रा दौरान भगवान श्री राम के साक्षात स्वरूप की झांकी अपने सामने पाकर श्री राम भक्त मंत्र मुग्ध हो गए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री एड रज्जन पटेल, बजरंग दल जिला संयोजक यशोवर्धन सिंह, सह संयोजक ऋषभ, जिला गौरक्षा प्रमुख अनूप पाण्डेय, प्रखण्ड मंत्री नागेंद्र पटेल, प्रखंड मंत्री पवन सिंह, प्रखण्ड संयोजक राज पटेल पंडित जय प्रकाश नारायण पाण्डेय मनोज गुप्ता अनिकेत यादव विक्रम ,अमित , आशीष शुक्ला चुन्नू आदिवासी,आंचल आदिवासी,अंजू कोल,अल्का आदिवासी, पुष्पेन्द्र कोल,विवेक गुप्ता,दीपक गुप्ता सजल श्रीवास्तव, मृत्युजंय, छोटू माली, अभिषेक श्रीवास्तव,चंदन वर्मा,इंद्रभान जायसवाल,मनोज जायसवाल, राजेश जायसवाल, नित्या जायसवाल सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म अनुयाई मौजूद रहे।